भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-183

उत्तर देने की तारीख-25/11/2024

शिक्षा विभाग में नियुक्ति में शिक्षण और गैर-शिक्षण बैकलॉग

†183. श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या शिक्षा विभाग में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों का कोई बैकलॉग है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा बैकलॉग को दूर करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख) उच्चतर शिक्षा विभाग के तहत 125 केंद्र वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों (सीएफएचईआई) तथा स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत 7 स्वायत्त निकायों द्वारा दिनांक 01.01.2024 तक शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की बैकलॉग रिक्तियों की संख्या बताई गई है। यथा सूचित बैकलॉग रिक्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है -

अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	कुल
1162	776	1394	3332

(ग) और (घ) भारत सरकार के वर्तमान में जारी मिशन-मोड भर्ती अभियान (रोजगार मेला) के एक भाग के रूप में इस मंत्रालय में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों की रिक्तियों सहित रिक्त पदों को भरने का कार्य शुरू किया गया है। अगस्त, 2021 में अभियान के शुभारंभ के बाद से, सभी सीएफएचईआई को समय-समय पर उचित आरक्षण रोस्टर के साथ रिक्तियों की गणना, विज्ञापनों के प्रकाशन के लिए मासिक कैलेंडर की तैयारी, आवेदनों की जांच, परीक्षाओं/चयन समिति की बैठकों का आयोजन करके परिणामों की घोषणा/नियुक्तियों का प्रस्ताव जारी करके अपने शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर रिक्तियों को भरने के निर्देश दिए गए हैं।

अभियान के परिणामस्वरूप, दिनांक 12.02.2024 तक सभी सीएफएचईआई द्वारा कुल 22,286 शिक्षण और गैर-शिक्षण पद भरे गए हैं, जिनमें 13121 शिक्षण पद (1614-एससी, 653-एसटी और 2690 ओबीसी सहित) हैं और 9165 गैर-शिक्षण पद (1106-एससी, 435-एसटी और 1937-ओबीसी सहित) हैं।

*****